क्रम-सं०–8(च)

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस०एस०पी०/एल०
डब्लू०/एन०पी०–91/2011–13
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–4, खण्ड (ख)

(परिनियत आदेश)

लखनऊ, बृहस्पतिवार, 13 जनवरी, 2011

पौष 23, 1932 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन

नगर विकास अनुभाग–9

संख्या 60/नौ-9–2011-65ज-09

लखनऊ, 13 जनवरी, 2011

अधिसूचना

प०आ०–113

चूँकि उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम,1959(उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 2,सन 1959) की धारा 540की उप–धारा(2) और उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम,1916(उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 2,सन् 1916)की धारा 300 की उप–धारा(1) के अधीन यथा अपेक्षित आपत्तियॉ और सुझाव आमंत्रित करने के लिये सरकारी अधिसूचना संख्या–768/नौ–9–2010–65ज/2009, दिनाँक 13 मई, 2010 में उत्तर प्रदेश नगर पालिका(सूचना का लोक प्रकटीकरण) नियमावली,2010 प्रकाशित की गयी थी ;

और चूँकि नियत समय के भीतर इस सम्बन्ध में कोई आपत्तियॉ अथवा सुझाव प्राप्त नहीं हुए हैं ;

अतएव, अब उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम,1959(उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 2,सन 1959) की धारा 114,540 और 573–ख तथा उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम,1916(उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 2,सन् 1916) की धारा 7,296 और 332–क के अधीन शक्ति का प्रयोग करके राज्यपाल किसी नगर पालिका द्वारा नगर शासन के विभिन्न तथ्यों से संबन्धित सूचना के प्रकटीकरण को विनियमित करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं:–

उत्तर प्रदेश नगर पालिका (सूचना का लोक प्रकटीकरण)

नियमावली, 2010

संक्षिप्त नाम, लागू होना और प्रारम्भ

1–(1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश नगर पालिका (सूचना का लोक प्रकटीकरण) नियमावली, 2010 कही जायेगी।

(2) यह उत्तर प्रदेश में समस्त नगर निगमों, नगर परिषदों और नगर पंचायतों पर लागू होगी।

(3) यह गजट में प्रकाशित होने के दिनाँक से प्रवृत्त होगी।

परिभाषाएं

2–(1) जब तक विषय या सन्दर्भ में कोई प्रतिकूल बात न हो इस निमयावली में,–

(क) "अधिनियम" का तात्पर्य नगर निगमों के मामले में उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम,1959 और नगर परिषद अथवा नगर पंचायत के मामले में उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम,1916 से है।

(ख) "लोक प्रकटीकरण" का तात्पर्य नगर शासन के विभिन्न तथ्यों अर्थात नियम–3 में यथाउल्लिखित कार्मिक,प्रशासनिक संरचना का विवरण,वित्त–व्यवस्था और कार्यों से संबंधित किसी नगर पालिका द्वारा सूचना के प्रकटीकरण से है।

(ग) "अनुसूची" का तात्पर्य इस नियमावली से संलग्न अनुसूची से है।

(2) इस नियमावली में प्रयुक्त किन्तु अपरिभाषित शब्दों और पदों के वही अर्थ होंगे जो उनके लिए क्रमशः अधिनियम या भारत के संविधान में समनुदेशित हैं।

नगर पालिका का दायित्व

3–प्रत्येक नगर निगम या नगर परिषद या नगर पंचायत, यथास्थिति, उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम,1959 की धारा 573–ख की उपधारा(1) अथवा उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम,1916 की धारा 332–क की उप–धारा (1) में उल्लिखित क्रिया–कलापों के सम्बन्ध में अनुसूची में उल्लिखित प्ररूपों में अपना अभिलेख अनुरक्षित करेगी और त्रैमासिक अंतरालों पर अपेक्षित सूचना के प्रकटीकरण के लिए उक्त धाराओं में उपबंधित रीति से उन्हें प्रकाशित करेगी।

आज्ञा से,
आलोक रंजन,
प्रमुख सचिव।

अनुसूची

(नियम 3 देखे)

प्रपत्र–1

कार्यवाही

1–नगर पालिका का नाम———————————————

2–वार्डों की संख्या———————————————

3–जनसंख्या———————————————

पुरुष———————स्त्री———————

4–परिषद का विवरण

(क) वर्तमान परिषद के गठन का दिनाँक———————————

(ख) मेयर/अध्यक्ष का विवरण———————————

अवधि	नाम पता टेलीफोन फैक्स ई–मेल

(ग)सभासदों/सदस्यों का विवरण

वार्ड संख्या और वार्ड का नाम	सभासद का नाम	संपर्क के लिए दूरभाष संख्या

(घ) कार्यपालक समिति के सदस्यों का विवरण

क्रम संख्या	नाम	पदावधि	अभ्युक्ति

5– ———— को हुई कार्यपालक समिति की बैठक की कार्यवाही

6– ————को हुई नगर पालिका सभा की कार्यवाही

प्रपत्र–2

अधिकारियों और कर्मचारियों की निदेशिका

क्रम संख्या	नाम	पदनाम	संपर्क के लिए दूरभाष संख्या

प्रपत्र–3

अधिकारियों का विवरण जो छूट,अनुज्ञा एवं अनुज्ञप्ति देते हैं और नागरिक सुख सुविधाएं प्रदान करते हैं।

कम संख्या	नाम	पदनाम	सौंपे गये कर्तव्य और उत्तरदायित्व	कार्यालय का पता

प्रपत्र–4

तुलन पत्र, प्राप्तियाँ और व्यय एवं वार्षिक बजट का संपरीक्षित वित्तीय विवरण

महीना	प्राप्तियॉं	व्यय	अभ्युक्ति
अप्रैल मई जून जुलाई अगस्त सितम्बर अक्टूबर नवम्बर दिसम्बर जनवरी फरवरी मार्च			
योग			

वार्षिक बजट का विवरण

वर्ष————

आय	व्यय	अभ्युक्ति
प्रारम्भिक अतिशेष——	राजस्व खाता————	
राजस्व खाता————	पूंजीगत लेखा———	
पूंजीगत लेखा————	उचन्त खाता————	
उचन्त खाता————	अंतिम अतिशेष———	
योग————————	योग————————	

प्रपत्र–5

नगरपालिका द्वारा उपक्रमित की जा रही प्रत्येक सेवाओं के लिए उपबंधित किए गये सेवा स्तर

विभिन्न वार्डो में सेवाओं का स्तर

सेवाओं का नाम	अतिविशिष्ट (वार्डो का नाम)	सामान्य(वार्डो का नाम)	सामान्य से नीचे (वार्डो का नाम)	अभ्युक्ति
1–स्वच्छता (क) घर से घर संग्रहण (ख) स्रोत पर पृथक्करण 2–स्ट्रीटलाइट 3–सड़कें और नाले 4–निर्धारण अनुज्ञप्ति और राजस्व संग्रहण 5–ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन 6–उद्यान और पार्क 7–अन्य				

प्रपत्र–6

समस्त योजनाओं,प्रस्तावित व्यय,प्रदान की गई प्रमुख सेवाओं या निष्पादित क्रिया–कलापों पर वास्तविक व्यय और किये गये वितरणों पर रिपोर्टों का विवरण

1–योजनाओं का ब्यौरा

2–मुख्य सेवायें स्वच्छता प्रस्तावित व्यय वास्तविक व्यय

स्ट्रीट लाइट

ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन

सड़कें,नाले

और अन्य नागरिक

कार्य

उद्यान और पार्क

अन्य

3–अन्य क्रिया–कलाप

प्रपत्र–7

निगम द्वारा प्रदान की गयी प्रमुख सेवाओं और उसके द्वारा निष्पादित क्रियाकलापों पर राज्य सहायता कार्यक्रमों का ब्यौरा और ऐसे कार्यक्रमों के लाभार्थियों की पहचान की रीति एवं मानदण्ड

राज्य सहायता के कार्यक्रमों का नाम	लाभग्रहियों के पहचान की रीति और मानदण्ड	कार्यक्रमों का ब्यौरा	टिप्पणियॉं
1–			
2–			
3–			
4–			
5–			

प्रपत्र–8

नगर पालिका द्वारा उपकमित किये गये कार्यक्रमों का ब्यौरा

कम संख्या	कार्यक्रमों का नाम	कार्यक्रमों का विवरण	कार्यक्रमों का प्रभाव	अभ्युक्ति
1–				
2–				
3–				
4–				
5–				

प्रपत्र–9

शहरी विकास योजनाओं का ब्यौरा और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट

1	शहरी विकास योजना का नाम	योजना का सारांश	प्रस्तावित व्यय
2	विस्तृत परियोजना रिपोर्ट		

प्रपत्र–10

प्रमुख कार्यों का विवरण,कार्यों का मूल्य,पूर्णता का समय और संविदा का ब्यौरा

कम संख्या	मुख्य कार्यो का नाम	कार्य की लागत	पूर्णता का समय	संविदा का ब्यौरा	अभ्युक्ति

प्रपत्र–11

नगर पालिका निधि का ब्यौरा

पूर्ववर्ती वर्ष———— चालू वर्ष————

	कर	माँग	संग्रह
1. 2. 3.			
योग			

	करेतर	माँग	संग्रह
1. 2. 3.			
योग			

कुल योग (कर + करेतर) =

राज्य सरकार और केन्द्र सरकार से प्राप्त निधि

	धनराशि	उद्देश्य	उपयोग की स्थिति
1–अनुदान 2–ऋण 3–राज सहायता 4–सरकार का अंश 5–न्यागमन 6–अन्य			